सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-207
24/04/2018

मुख्यमंत्री ने जानकी बाल उद्यान का किया उद्घाटन

पटना, 24 अप्रैल 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सीतामढ़ी धाम स्थित जानकी प्राकट्य स्थली शक्तिपीठ में पूजा अर्चना करने के बाद जानकी बाल उद्यान का उद्घाटन किया। शक्तिपीठ प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री को शॉल, माला एवं सीतामढ़ी धाम से संबंधित तस्वीर भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके बाद माँ जानकी जन्मस्थली सीतामढ़ी धाम में मंत्रोच्चार के बीच मुख्यमंत्री ने श्री उर्विजा कुंड के समक्ष माँ जानकी की आरती की।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी के डुमरा में नवनिर्मित जानकी बाल उद्यान का उद्घाटन शिलापट्ट का अनावरण और रिबन काटकर किया। सीतामढ़ी के डुमरा में वार्ड संख्या 3 में नवनिर्मित जानकी बाल उद्यान का निर्माण 1 करोड़ 28 लाख 1,300 रुपये की लागत से हुआ है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चंद्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारीगण एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

*****